JALAUN POLICE

दिनांक- 07.03.2026

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर जनपद जालौन द्वारा मानसिक रूप से कमजोर 01 अन्तर्जनपदीय(कौशाम्बी के) व्यक्ति के परिजनों का पता लगाकर व्यक्ति को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

कृपया अवगत कराना है कि जनपद के थानों पर शासन के दिशा-निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की गयी थी। जिसमें उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के उपरान्त मिशन शक्ति केन्द्रों पर अधिकारी/कर्मचारीगण की नियुक्ति की गयी थी। जिनके द्वारा मिशन शक्ति केन्द्रों पर आने वाली पीडिताओं/फरियादियों की समस्याओं का कुशल तरीके से निराकरण किए जाने के निर्देश दिये गये थे। जिसकी मॉनिटरिंग स्वंय पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा की जा रही है।

इसी क्रम में आज दिनांक 07.03.2026 को मिशन शक्ति टीम थाना डकोर द्वारा प्रतिदिन की भांति क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर छात्राओं/बालिकाओं/महिलाओं को जागरुक किया जा रहा था, इसी दौरान ग्राम डकोर में एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति आवारा स्थिति में घूमता हुआ दिखाई दिया, जिस पर मिशन शक्ति टीम द्वारा उक्त व्यक्ति से पूछताछ की तो वह बताने में असमर्थ रहा।

उक्त व्यक्ति को मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर लाया गया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी द्वारा उक्त व्यक्ति से पूछताछ की गयी तो व्यक्ति ने अपने जिले का नाम कौशाम्बी बताया गया। जिसके आधार पर मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर द्वारा जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों से सम्पर्क किया गया, जिसके फलस्वरूप उक्त व्यक्ति की पहचान मानसिंह पुत्र शंकरलाल राजपूत उम्र करीब 40 वर्ष निवासी ग्राम दुल्हनिया पुर कोतवाली व जनपद कौशाम्बी के रूप में हुई। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र थाना डकोर जनपद जालौन द्वारा उक्त व्यक्ति के परिजनों का पता लगाया गया।

उक्त व्यक्ति के पिता शंकरलाल राजपूत नत्थू राजपूत नि0 ग्राम दुल्हनिया पुर कोतवाली व जनपद कौशाम्बी द्वारा बताया गया कि यह मेरा पुत्र है, जिसका दिमागी संतुलन ठीक नही है। लगभग 12 वर्ष पहले बिना बताये घर से कही चला गया था। किन्तु अब तक मेरे पुत्र का कोई पता नही चल सका था।

उपरोक्त व्यक्ति को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया।

अपने गुमशुदा पुत्र के मिलने पर उक्त व्यक्ति के परिवारीजन द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

जालौन पुलिस आपकी सेवा में 24*7 तत्पर है।